दिन–बुधवार दिनांक– 03 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल बिहार में जमुई से एनडीए के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी चार अप्रैल को खैरा के बल्लोपुर में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में भी श्री मोदी ने जमुई से ही चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की थी। इस लोकसभा क्षेत्र से लोजपा, रामविलास के अरूण भारती एनडीए उम्मीदवार हैं। इधर, प्रधानमंत्री सात अप्रैल को नवादा में भी एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। नवादा से भाजपा प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने यह जानकारी दी।

———————————————————

पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र से राजद उम्मीदवार बीमा भारती ने आज अपना नामांकन पर्चा भरा। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार पप्पू यादव कल अपना नामांकन पत्र भरेंगे। श्री यादव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। गौरतलब है कि इंडी गठबंधन में सीटों के बंटवारे के तहत पूर्णिया संसदीय सीट राजद के खाते में गयी है, लेकिन पप्पू यादव भी इस सीट से चुनाव लड़ने पर अडिग हैं।

———————————————————

इधर, किशनगंज संसदीय क्षेत्र से एआईएमआईएम प्रत्याशी अख्तरूल ईमान ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया।

———————————————————

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कहा है कि वे हाजीपुर लोकसभा सीट पर एनडीए उम्मीदवार चिराग पासवान का समर्थन करेंगे। पत्रकारों से बातचीत में श्री पारस ने कहा कि वे बिहार में सभी चालीस सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।

———————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने कहा है कि वे लोकसभा चुनाव में अपनी सक्रिय भूमिका नहीं निभा सकेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे पिछले छह महीनों से गले के कैंसर से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा कि अभी उनका दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा है।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग आज राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक करेगा। बैठक में कानून व्यवस्था की स्थिति का आकलन और समीक्षा की जाएगी। बैठक में अंतर्राज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी से संबंधित सतर्कता उपायों की भी समीक्षा होगी।

———————————————————————

राज्यसभा के ग्यारह नये सदस्यों ने आज शपथ ली। उप–राष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदस्यों को संसद भवन में अपने कक्ष में शपथ दिलाई। बिहार से राजद के मनोज झा, संजय यादव और भाजपा की धर्मशीला गुप्ता ने शपथ ली। मनोज झा ने मैथिली में शपथ ली।

———————————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग ने सीतामढ़ी जिले के सोनवर्षा प्रखंड की भलुआहा पंचायत के मुखिया बिल्टू राय को दोहरी नागरिकता रखने के आरोप में पद से हटाने का आदेश दिया है। बिल्टू राय पर नेपाल की नागरिकता रखते हुये भारत में पंचायत चुनाव लड़कर मुखिया बनने के खिलाफ परिवाद दर्ज करवाया गया था।

———————————————————————

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद– एनसीईआरटी ने कहा है कि विद्यालयों की पुस्तकें समय पर उपलब्ध कराने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में एनसीईआरटी ने कहा कि पहली, दूसरी, सातवीं, आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षाओं के लिए तैंतीस लाख पुस्तकें छप चुकी हैं और उन्हें दुकानों पर भेज दिया गया है। परिषद ने कहा है कि तीसरी और छठी कक्षा के लिए नए पाठ्यक्रम की पुस्तकें इस महीने और अगले महीने प्रकाशित कर दी जाएंगी। यह भी कहा गया है चौथी, पांचवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा की किताबें इस महीने बाजार में आ जाएंगी।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने प्रधानाध्यापक और प्रधान शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि दस अप्रैल तक बढ़ा दी है। पहले अंतिम तिथि दो अप्रैल तक निर्धारित थी।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली लगातार तीसरे दिन राज्य का सबसे गर्म

स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान तापामान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है। विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान हवा की गति पन्द्रह से बीस किलोमीटर प्रतिघंटे तथा झोंखे के साथ पैंतीस किलोमीटर प्रतिघंटे तक रहने की सम्भावना है।

———————————————————————

रेलवे ने दानापुर और जयनगर से पुणे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन दानापुर से पुणे के लिए कल रात नौ बजकर चालीस मिनट पर रवाना होगी। वहीं, जयनगर से पुणे के लिए पांच अप्रैल को स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।